अप्रेंटिसशिप के लिए ज्वाइनिंग संबंधी दस्तावेजों को भरने हेतु अनुदेश

(Instructions for filling the Apprenticeship joining related documents)

1. **Joining Report: तीन प्रतियों** में भरा जाएगा तथा जहाँ समझ में न आए उसे कृपया खाली छोड दें ।
   To be filled in **3 copies**. Points not easily understood may be left blank.

2. **Medical Examination Report by a MBBS Doctor:**
   किसी एम.बी.बी.एस. डॉक्टर द्वारा, **दिए गए प्रारूप** में ही मेडिकल जाँच रिपोर्ट बनवाना होगा तथा डॉक्टर का पंजीकरण संख्या (रजिस्ट्रेशन नम्बर) होना अनिवार्य है । अभ्यर्थी यह अवश्य देख लें कि डॉक्टर द्वारा सभी बिंदु सही से भर दिए गए हों ।
   The medical examination report in the given format is to be furnished and duly signed by any MBBS doctor having a registration number. The candidate must ensure that all fields have been properly filled by the concerned doctor.

3. **Attestation Form (साक्ष्यांकन पत्र):** साक्ष्यांकन पत्र में कुल 6 पृष्ठ हैं, जिन्हे अभ्यर्थी आगे-पीछे (दोनो साइड) प्रिंट करें । अभ्यर्थी द्वारा मूल रूप से कुल 4 साक्ष्यांकन पत्र भरना होगा । प्रत्येक साक्ष्यांकन पत्र के पृष्ठ संख्या 6 पर, किसी राजपत्रित अधिकारी या छठवें पृष्ठ पर दर्शाये सूची में से किसी एक प्राधिकारी द्वारा दिए गए प्रारूप में पहचान प्रमाण पत्र बनवाना होगा तथा इस प्रमाण पत्र में यह लिखा होना चाहिए कि हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति अभ्यर्थी को न्यूनतम 6 माह से जानते हैं ।
   The Attestation form contains 6 pages. Candidates may take 4 prints of this form in Duplex (Both Side). Each copies of Attestation forms are required to be filled in original by the candidate. On page no. 6 of each Attestation form (4 copies), the Identity Certificate is to be signed either by a Gazetted Officer or by any other personnel concerned from amongst the list mentioned on 6th page. Kindly note that it should be mentioned on the certificate that Candidate is known to the Signing Authority for not less than 6 months.

4. **Affidavit for gap between ITI & Apprenticeship:** अभ्यर्थी को आई.टी.आई. तथा अप्रेंटिसशिप के बीच गैप की अवधि से सम्बंधित 10 रू. के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर दिए गए प्रारूप के अनुसार नोटरी द्वारा हस्ताक्षरित एक एफिडेविट प्रस्तुत करना होगा । यह एफिडेविट सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है ।
   Candidates are required to produce an affidavit (in the given format) for the period of gap, between ITI and Apprenticeship on a non-judicial stamp paper of Rs. 10/- properly signed by a notary. This Affidavit is compulsory for all the candidates.

5. **Third Party Non-Disclosure Agreement:** अभ्यर्थी यह अवश्य देख लें कि उनके द्वारा सभी बिंदु सही से भर दिए गए हों । जहाँ समझ में न आए उसे कृपया खाली छोड दें ।
   The candidate must ensure that all fields have been properly filled by them. Points not easily understood may be left blank.